जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7598 / 2024 दिनांक 24 दिसम्बर, 2024

कार्यालय आदेश

एतद्द्वारा सर्वसम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या: जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 7553 / 2024, दिनांक: 14 दिसम्बर, 2024 द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित राजनीति विभाग द्वारा ICSSR, New Delhi के प्रायोजकत्व में दिनांक: 29 जनवरी, 2025 एवं 30 जनवरी, 2025 को ***'Viksit Bharat @2047: Advance Human Rights and Social Justice in Contemporary India"*** विषयक **'दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार'** में प्रतिभाग हेतु पंजीकरण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये थे।

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार उपरोक्त सेमिनार में **प्रतिभाग हेतु पंजीकरण एवं अन्य प्रक्रियाओं यथा–सम्बन्धित शुल्क भुगतान, Abstract अपलोड करने की तिथि, जो दिनांक: 25 दिसम्बर, 2024 थी, को विस्तारित करते हुए दिनांक: 05 जनवरी, 2025** निर्धारित की जाती है। इसी क्रम में **फुल पेपर अपलोड करने की तिथि, जो दिनांक: 10 जनवरी, 2025** थी, को **विस्तारित करते हुए दिनांक: 20 जनवरी, 2025** निर्धारित की जाती है।

उक्त से सम्बन्धित अन्य समस्त प्रक्रियाएँ पूर्व में संलग्न ब्रोशर के अनुसार ही सम्पन्न करायी जायेंगी।

नोट:– ***ब्रोशर में उल्लिखित Abstract एवं फुल पेपर को लिखने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देशानुसार ही कार्यवाही करने का कष्ट करें, अन्यथा की दशा में सम्बन्धित आवेदन निरस्त माना जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी।***

भवदीय,

डॉ0(रजनी चौबे)
कार्यक्रम समन्वयक

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. माननीय कुलपति जी।
02. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम में परिसर में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों एवं समस्त प्राध्यापकों का पंजीकरण कराते हुए उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
03. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुक्रम में अपने–अपने महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों का पंजीकरण कराते हुए कार्यक्रम में प्रतिभाग सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
04. समन्वयक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त कार्यक्रम में यथावश्यक कार्यवाही हेतु अपने समस्त शोधार्थियों को पंजीकरण एवं प्रतिभाग हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
05. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
06. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
07. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पता:–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोड:–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com